## महत्वपूर्ण एवं खास

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक ने पत्नी की हत्या की

**सरगुजा (आरएनएस)।** शराब पीने के लिए पति को पैसा नहीं देना पत्नी को महंगा पड़ गया। गुस्साए पति ने महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखिरखा में बीती शाम ग्राम में रहने वाले बिसुनराम ने अपनी पत्नी पार्वती बाई से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा। पत्नी के पैसा नहीं देने से नाराज पति ने पत्नी की हाथ मुक्का और डंडे से पिटाई कर दी, जिससे आहत महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद से आरोपी पति मौके से फरार हो गया। वहीं आरोपी के भाई ने इसकी शिकायत बीती रात दरिमा थाने में दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए दरिमा पुलिस ने आज आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### गर्मी से परेशान महिलाओं ने आर्मी कैंप से की 7 कूलर की चोरी, गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** गर्मी ने अप्रैल महीने में ही जीना मुहाल कर दिया है, ऐसे में पुलिस ने ऐसी 5 महिलाओं को पकड़ा है, जिन्होंने गर्मी से परेशान होकर कड़ी सुरक्षा करने वाले सेना कैंप से एक-दो नहीं बल्कि सात कूलर चोरी कर लिए। बिलासा देवी एयरपोर्ट चकरभाठा में ड्यूटी करने वाले खेलावन सिंह ने 19 अप्रैल को चकरभाठा थाना में आर्मी कैम्प से 44000 रुपए कीमत के 7 नग कूलर की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चकरभाठा थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुढ़ीपार, बिल्हा निवासी जानकी गेंदले ने अपने गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर कूलर की चोरी की है। वहीं इन कूलरों में इंडियन आर्मी लिखा हुआ है।

### डंपर की ठोकर से मासूम की मौत, आक्रोशित लोगों ने फूंक दिया डंपर, किया चक्काजाम

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले के तिल्दा नेवारा में शनिवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। यहां एक डंपर की की चपेट में आने से 10 साल की मासूम मौत के मुंह में समा गई। बच्ची साइकिल पर थी तभी सामने से डंपर चालक ने बच्ची को ठोकर मार दी। मौके पर मौजूद लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर आक्राशित लोगों ने डंपर फूंक दिया और थाने के सामने सडक़ पर बैठ गए। मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। तिल्दा नेवरा मेन रोड पर एक तेज रफ्तार डंपर चालक ने साइकिल चला रही 10 साल की बच्ची को ठोकर मार दी। हादसे के तुरंत बाद यहां लोगों की भीड़ लग गई। डंपर चालक गाड़ी छोड़ वहां से भाग गया। इधर कुछ लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद यहां के लोग काफी आक्राशित हो गए और थाने के सामने पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। यही नहीं लोगों ने हादसे के बाद सडक़ पर खड़ी डंपर को भी आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य

**रायपुर (आरएनएस)।** गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने प्रदेश में सार्वजनिक कार्यक्रम, धरना, जुलूस, रैली, प्रदर्शन, भूख हड़ताल को लेकर आदेश जारी किया है. गृह विभाग ने सभी जिले के कलेक्टरों को आदेश जारी कर सार्वजनिक कार्यक्रमों/आयोजनों की पूर्व अनुमति लेने की अनिवार्यता के निर्देश दिए हैं. प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ये कदम उठाया गया है।

# राजधानी बस में लैलूंगा से अंबिकापुर होते गढ़वा गांजा ले जा रहा युवक गिरफ्तार

- आरोपी से करीब डेढ लाख रूपये कीमती 28 किलो गांजा जब्ज, एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही
- फारेस्ट बेरियर बाकारूमा के पास चौकी रैरुमा पुलिस नाकेबंदी कर की रेड कार्यवाई



रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा द्वारा गांजे के अवैध तस्करी पर कार्यवाही के दिशा-निर्देशों पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा डिवीजन के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के साथ ही नशीली दवाइयां (प्रतिबंधित कैप्सूल इंजेक्शन) एवं गांजे की अवैध तस्करी विशेषकर उड़ीसा से होने वाले गांजे की तस्करी पर निगाह रख कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रभारीगण मुखबिर लगाकर सूचनाओं पर कार्रवाई किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 24.04.2022 के सुबह चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर को उनके लगाए मुखबिर से सूचना मिली कि सोनाजोरी, लैलूंगा से पत्थलगांव-सीतापुर-अंबिकापुर जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस बस में एक युवक पिट्ठू बैग सहित तीन बैग जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर गढ़वा(झारखंड) ले जा रहा है। चौकी प्रभारी द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने स्टाफ के साथ फॉरेस्ट बैरियर बाकारूमा के पास नाकेबंदी कर राजधानी बस का आने का इंतजार किए सुबह करीब 08:30-9:00 बजे के बीच राजधानी एक्सप्रेस बस CG-15 AB- 0592 के आने पर स्टाफ द्वारा बस चालक को चेकिंग के कारण से अवगत करा कर बस को चेक किया गया जिसमें मुखबिर द्वारा बताए हुलिए अनुसार युवक मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल कुमार सिन्हा पिता ललन किशोर सिन्हा उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 रंका थाना रंका जिला गढ़वा (झारखंड) का होना बताया। संदेही राहुल कुमार सिन्हा को एनडीपीएस एक्ट कार्यवाही की जानकारी देकर गवाहों के समक्ष उसके पास रखे 3 बैग को चेक करने पर तीनों बैग में 1-1 किलो के बनाएं 28 पैकेट गांजा मिला जिसका विधिवत तौल मशीन से वजन कराए जाने पर कुल 28 किलो गांजा कीमती ₹1,40,000 का गांजा पाया गया। आरोपी राहुल सिन्हा पूछताछ में सोनाजोरी से गांजा लेकर अंबिकापुर जाना एवं अम्बिकापुर से दूसरी बस पकड़कर गांजा को गढ़वा ले जाना बताया है। आरोपी से अवैध 28 Kg गांजा जप्त कर आरोपी पर चौकी रैरूमाखुर्द (थाना धरमजयगढ़) में धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है।

एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में चौकी प्रभारी रैरूमा उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर, प्रधान आरक्षक संजय यादव, आरक्षक प्रीतम तिर्की, हेमलाल बरेठ, लुकेश्वर यादव, बृजेश लकड़ा की सराहनीय भूमिका रही है।

## बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, आज न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना, दक्षिण में हो सकती है बारिश



**रायपुर (आरएनएस)।** तेज गर्मी से बारिश ने लोगों को थोड़ी राहत दिलाई है. दो दिनों तक प्रदेश में चक्रीय चक्रवात के प्रभाव से मौसम परिवर्तन हुआ, जिससे गर्मी कम हुई है. दोपहर में भी गर्म हवा के साथ उमस से लोगों को राहत मिली है. आज प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। बारिश का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ होगा।शनिवार को रायपुर के अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार बने हुए हैं। साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। शुक्रवार को पारे में आई गिरावट के बाद शनिवार को रायपुर, जगदलपुर व दुर्ग को छोडक़र दूसरे क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। इसी प्रकार न्यूनतम तापमानों में रायपुर व दुर्ग संभाग में बढ़ोतरी हुई और दूसरे क्षेत्रों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। दोपहर के समय तेज धूप के चलते उमस रही, लेकिन शाम को हुई बूंदाबांदी व ठंडी हवाओं से लोगों को राहत मिला। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम का मिजाज अभी आने वाले दो दिनों तक इस प्रकार ही रहेगा। हालांकि तापमान में बढ़ोतरी होने से उमस से राहत नहीं मिलेगी।

## मुख्यमंत्री बघेल तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सह योग सम्मेलन का आज करेंगे शुभारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के पंचम स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शहीद स्मारक भवन में 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया करेंगी और कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की योगासन प्रतियोगिता अपरान्ह 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। 26 अप्रैल को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित उद्यान कला भवन के सामने सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक 1000 योग साधकों द्वारा सूर्य नमस्कार और विशेष योगाभ्यास किए जाएंगे।

15 से 19 वर्ष और 19 से अधिक वर्ष के आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की योगासन प्रतियोगिता प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साईंस कॉलेज परिसर में आयोजित होगी। इसी प्रकार 27 अप्रैल को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साईंस कॉलेज परिसर में प्रात: 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्रतिभागी समूहों की योगासन प्रतियोगिता होगी। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह शाम 5 से 6 बजे तक किया जाएगा।

प्रतियोगिता में महिला और पुरुष श्रेणी में तीन आयु वर्ग तय हैं। प्रतिभागी 15 वर्ष से कम, 15 से 19 वर्ष और 19 से अधिक वर्ष के आयु वर्ग में भाग लेंगे। प्रतियोगिता एकल और समूह दोनों वर्गो में होगी।

योगासन प्रतियोगिता सह योग सम्मेलन में राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायकद्वय सत्यनारायण शर्मा एवं बृजमोहन अग्रवाल, महापौर नगरपालिक निगम रायपुर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेमहंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा और छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य सर्वरविन्द्र सिंह, राजेश नारा एवं गणेशनाथ योगी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# नाबालिग बालिका से छेड़खानी के आरोपी को जूटमिल पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** दिनांक 23.04.2022 को जूटमिल क्षेत्र की नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक को जूटमिल पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर देर रात इलाके में छापेमारी कर हिरासत में लिया गया, जिसे आज छेड़खानी सहित पोक्से एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

दरअसल कल दिनांक 23.04.2022 को जूटमिल क्षेत्र में रहने वाली महिला अपनी नाबालिग बेटी व घरवालों के साथ चौकी आकर चौकी प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू को बताई कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ घर के समीप बर्फ फैक्टरी में काम करने वाला युवक अरूण सिदार दिनांक 23.04.2022 के दोपहर छेड़खानी किया है। महिला बताई कि दोपहर में लड़की रोती बिलकती इसे घटना बताई कि करीब 3.00 बजे घर के बाहर नल के पास खड़ी थी, उसी समय बर्फ फैक्टरी में काम करने जा रहा अरूण सिदार अकेली देखकर पास आया और उल्टी सीधी बातें कहकर हाथ पकड़ लिया और खींचकर ले जा रहा था जिस पर पास में पडे डंडे से उसके हाथ को मारकर छुडाई और भागकर घर आने लगी तो अरूण सिदार दौडाकर आया और थप्पड मारा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। उसी समय लड़की की बड़ी मां देखकर क्यों बच्ची को मार रहा है कहकर बोली तो अरूण भागकर फैक्टरी अंदर चला गया। घटना के बाद बालिका के परिवार के लोगों के साथ आसपास के लोग फैक्टरी जाकर उसके फैक्टरी के मालिक को अरूण की करतूत बताये जो अरूण सिदार को उसी समय दिवाल फांदकर भाग जाना बताया। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी अरूण सिदार के विरूद्ध अप.क्र. 673/2022 धारा 354, 323, 506 IPC 12 Pocso Act का अपराध पंजीबद्ध कर चौकी प्रभारी उत्तम साहू द्वारा स्टाफ के साथ आरोपी के मिलने के सम्भावित ठिकानों में दबिश देकर देर रात आरोपी अरुण उर्फ वरुण सिदार पिता रुखमन लाल उम्र 25 साल को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया जिसे आज दिनांक 24-04-2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## आज से पंचायतों व नगरीय निकायों में लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

- नगर निगम रायगढ़ में 25 व 26 अप्रेल को वार्डवार लगेंगे शिविर
- 26 व 27 को संबंधित जनपद पंचायत कार्यालियों में भी लिए जाएंगे आवेदन
- शिविर में बिजली, पेयजल, राशन कार्ड सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु लिए जाएंगे आवेदन




रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन में व्यापक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 25 अप्रैल को जिले की सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में किया जा रहा है। शिविर में बिजली, पेयजल, नागरिकों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता, भवन नामांतरण, आवास, कर जमा, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, नल कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन लिये जायेंगे। प्राप्त आवेदनों पर आगामी दिवसों में निराकरण किया जाएगा। रायगढ़ नगर निगम में यह शिविर दो दिन अर्थात 25 व 26 अप्रेल को वार्डवार लगाए जाएंगे।

नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवेदन लिये जायेंगे। जिनमें राजीव नगर सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय में 1, 2, 3, 4, 14, 15, 39 एवं 40 वार्ड के निवासियों से आवेदन लिये जायेंगे। इसी तरह दीनदयाल कालोनी सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 एवं 46, कार्यालय नगर पालिक निगम परिसर में वार्ड क्रमांक 12, 13, 16, 17, 18, 19 एवं 20, बेलादुला मंगल भवन वार्ड कार्यालय में 21, 22, 23 एवं 24, छोटे अतरमुड़ा मंगल भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड नंबर 25, 26, 27 एवं 28, कबीर चौक मंगल भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड नंबर 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 एवं 42, प्रा. शाला छातामुड़ा में वार्ड क्रमांक 41, प्रा.शाला बोईरदादर में वार्ड क्रमांक 47 एवं 48, प्रा.शाला भगवानपुर में वार्ड क्रमांक 45 एवं आशा दी होप पतरापाली में वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 के वार्डवासियों का आवेदन लिये जायेंगे।

25 अप्रैल को ग्राम पंचायत/निकाय स्तर में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। वहीं 25 अप्रैल को पंचायत स्तर पर आवेदन लेने के साथ उस विकासखंड के जनपद पंचायत कार्यालय में 26 व 27 अप्रेल को कार्यालयीन समय में भी आवेदन दिए जा सकते हैं। जनपद स्तर पर उक्त आवेदनों की छटनी कर संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। जिन्हें प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए 10 मई तक निराकरण करना होगा।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा 4 करोड़ से पार

- 18 वर्ष से अधिक के 86 प्रतिशत और 15 से 18 वर्ष के 50 प्रतिशत लोगों को दोनों टीके लगे



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर गया है। कोविड-19 से बचाव के लिए प्रदेश भर में अब तक कुल चार करोड़ 20 हजार 099 टीके लगाए गए हैं। इनमें से दो करोड़ 17 लाख 26 हजार 571 टीके प्रथम डोज के रूप में, दो करोड़ 78 लाख 27 हजार 071 द्वितीय डोज के रूप में और चार लाख 66 हजार 457 टीके प्रिकॉशन डोज के तौर पर लगाए गए हैं।

प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक की 86 प्रतिशत आबादी को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है। वहीं 15 वर्ष से 18 वर्ष के 50 प्रतिशत किशोरों को इसका दोनों टीका लगाया जा चुका है। प्रदेश में 12 वर्ष से 14 वर्ष के 45 हजार 661 बच्चों को भी दोनों टीका लगाया जा चुका है।

राज्य में 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 69 लाख 65 हजार 270 नागरिकों और 15 वर्ष से 18 वर्ष के आठ लाख 16 हजार 140 किशोरों को कोरोना से बचाव के लिए टीके की दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं।

## रेलवे ने छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 23 ट्रेनों का परिचालन एक माह के लिए बंद करने के फैसले पर मुख्यमंत्री ने की कड़ी आपत्ति

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन ट्रेनों का परिचालन यथावत जारी रखने अपर मुख्य सचिव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को लिखा पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेलवे द्वारा छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 23 लोकल रेलों का परिचालन 24 अप्रैल 2022 से बंद करने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।

मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव द्वारा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लोकल रेलों का परिचालन यथावत् जारी रखने का आग्रह किया गया है।

ज्ञातव्य है कि प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा 23 अप्रैल 2022 को जारी आदेश द्वारा छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कुल 23 एक्सप्रेस तथा लोकल ट्रेनों का परिचालन 24 अप्रैल 2022 से आगामी एक माह के लिये बंद कर दिया गया है। यह सभी ट्रेन छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत रेल मार्गों से प्रतिदिन आना-जाना करती हैं। इन ट्रेनों के परिचालन बंद करने के पूर्व यात्रियों के लिए किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने इस संबंध में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र में लिखा है कि इसके पूर्व भी प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के 31 मार्च 2022 के आदेश द्वारा कुल 10 रेलों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इन 10 रेलों में से 08 रेलें छत्तीसगढ़ राज्य के रेल मार्गों पर आवागमन करती थी। उपरोक्त रेलों का परिचालन यथावत रखने हेतु राज्य शासन द्वारा 5 अप्रैल 2022 को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था, किन्तु राज्य शासन के अनुरोध को अनदेखा किया गया।

अपर मुख्य सचिव ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में मध्यम एवं निम्न वर्ग के अनेक यात्री है, जो प्रतिदिन उपरोक्त रेलों से यात्रा करते हुए अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचते हैं। रेलों के बंद होने से प्रतिदिन यात्रा करने वाले छोटे-छोटे व्यवसायी, रोजगार एवं शासकीय तथा अद्र्धशासकीय सेवा से जुड़े व्यक्तियों, शालेय एवं महाविद्यालय के छात्रों आदि के जाने-आने में काफी असुविधा होगी। ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिये जाने से निश्चित रूप से ग्रीष्मावकाश में की जाने वाली यात्राओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अपर मुख्य सचिव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी से समग्र स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर को उनके 23 अप्रैल 2022 को जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए विषयांकित रेलों (कुल 23) का परिसंचालन बहाल किये जाने हेतु तत्काल निर्देशित करने का अनुरोध किया है।

## बडे हल्दी में "पुलिस जन चौपाल" लगाकर पुसौर पुलिस ने रहवासियों को किया अपराधों के प्रति जागरूक

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत वार्ड एवं गांवों में "पुलिस जन चौपाल" लगाकर एक मुहिम के तहत जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। निर्देशों के तहत थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा नियमित रूप से गांवों में पुलिस जन चौपाल आयोजित किये जा रहे है।

इसी कड़ी में आज दिनांक 24.04.2022 को थाना प्रभारी पुसौर अपने स्टाफ के साथ ग्राम बड़े हल्दी में "पुलिस जन चौपाल" लगाया गया, पिछले तीन दिनों से गांव में आयोजित पूजन एवं महायज्ञ में महिलाओं, बालिकाओं के साथ आसपास क्षेत्र के लोगों की काफी भीड़ एकत्र हो रही थी जिसे देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा ग्राम बड़े हल्दी का चयन कर चौपाल के माध्यम से लोगों को अपराधों की जानकारी देकर उनसे बचाव के उपाय बताए गए।



पुलिस जन चौपाल में उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा महिला, बालिकाओं को घरेलू हिंसा, पोक्सो एक्ट, यौन उत्पीड़न छेड़खानी, नारी स्वावलंबन की जानकारी देकर प्रत्येक थाने में बने महिला हेल्प डेस्क, जिले की पुलिस महिला रक्षा टीम, पारिवारिक सलाहकार केंद्र तथा अभिव्यक्ति ऐप के विषय में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। महिला आरक्षक सविता यादव द्वारा महिला अपराधों से संबंधित जागरूकता पाम्पलेट का वितरण की। उपस्थित लोगों को थाना प्रभारी द्वारा साइबर क्राईम से संबंधित ऑनलाइन ठगी और उसके बचाव के संबंध में जानकारी देकर अंजान लोगों को अपने बैंक खाते, OTP आदि की जानकारी नहीं देना बताये। थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्रवासियों को अवैध जुआ, सट्टा एवं शराब से मुक्त रखने पुलिस को सूचनाएं देने एवं यातायात नियमों के पालन करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में करीब 500 से अधिक महिलाएं एवं 200 पुरूष उपस्थित थे। पुलिस जन चौपाल में थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव के साथ आरक्षक टीकाराम बरेठ एवं महिला आरक्षक सविता यादव उपस्थित थी।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480